उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांक 318 गोपन/2023–24 दिनांक–30 जनवरी, 2024

संवाद

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या– 50/उ०अ०से०च०आ०/2023 दिनांक 05 दिसंबर, 2023 द्वारा विज्ञापित परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही एवं उप आबकारी सिपाही के पदों की शारीरिक माप–जोख एवं दक्षता परीक्षा का आयोजन राज्य के 05 परीक्षण केन्द्रों में दिनांक–11 जनवरी, 2024 से संचालित किया जा रहा है।

विभिन्न परीक्षण केन्द्रों द्वारा अवगत कराया गया है, कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा चिकित्सकीय, तथा कतिपय अन्य कारणों के साथ प्रत्यावेदन प्रस्तुत किये गये है कि उन्हें अन्य दिवस में शारीरिक परीक्षण में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जाये।

उपरोक्त संबध में अवगत कराना है ऐसे अभ्यर्थियों को निम्नांकित कारणो एंव उसके सापेक्ष प्रस्तुत साक्ष्य प्रमाणों के आधार पर शारीरिक परीक्षण में निम्नानुसार दी गई तिथि को प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।

- जो अभ्यर्थी अपनी शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि को चिकित्सकीय व आकस्मिक दुर्घटना इत्यादि कारणो से अनुपस्थित थे, ऐसे अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त (Qualified) चिकित्सक से चिकित्सकीय प्रमाण पत्र एंव फिटनेस प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा कि संबंधित अभ्यर्थी उक्त शारीरिक परीक्षण में प्रतिभाग करने के लिए पूर्ण रूप से स्वस्थ (Fit) है।
- यदि किसी अभ्यर्थी की शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आवंटित तिथि को अन्य कोई परीक्षा निर्धारित हो तो ऐसे अभ्यर्थियो को संबंधित परीक्षा के प्रवेश पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
- इसके अतिरिक्त निर्धारित पूर्व शारीरिक परीक्षण की तिथि को प्रतिभाग न करने के संबंध में अभ्यर्थियों के द्वारा प्रस्तुत अन्य तात्कालिक परिस्थितियों व विषयों के संबंध में उपलब्ध कराये गये साक्ष्यों के आधार पर शारीरिक परीक्षण में सम्मिलित किये जाने हेतु संबंधित परीक्षा केन्द्र के नोडल अधिकारी अपने स्तर पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होंगे।

शारीरिक परीक्षण की तिथि को वैध कारणों से अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर दिये जाने हेतु परीक्षण केन्द्रवार निर्धारित तिथि निम्नवत है–

क्र० सं०	परीक्षण केन्द्र का नाम	परीक्षण केन्द्र में शारीरिक परीक्षण की अंतिम तिथि	पूर्व निर्धारित तिथियों को अनुपस्थित अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर हेतु निर्धारित परीक्षण तिथि
1	31BN PAC Rudrapur	01 फरवरी, 2024	02 फरवरी, 2024
2	46BN PAC Rudrapur	15 फरवरी, 2024	16 फरवरी, 2024
3	IRB FIRST Bailpdav, Ramnagar, Nainital	15 फरवरी, 2024	16 फरवरी, 2024
4	IRB SECOND JHANJRA Dehradun	09 फरवरी, 2024	10 फरवरी, 2024
5	40BN PAC Haridwar	15 फरवरी, 2024	16 फरवरी, 2024

अतः शारीरिक परीक्षण में अंतिम अवसर के लिए निर्धारित तिथि को प्रतिभाग करने के संबंध में अभ्यर्थी उपर्युक्तानुसार कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव।

Scanned with ACE Scanner